# FIRST INFORMATION REPORT
**(Under Section 154 Cr.P.C.)**
**प्रथम सूचना रिपोर्ट**
**(धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत)**

1. **District (जिला):** Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Ambala **Year (वर्ष):** 2023

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0024 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 25/09/2023 18:37 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |
| 2 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7A |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** **Date from (दिनांक से):** **Date To (दिनांक तक):**

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** **Time To (समय तक):**

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 25/09/2023 **Time (समय):** 17:41 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 019 **Date and Time (दिनांक और समय):** 25/09/2023 17:41 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** SOUTH, 85 Km (s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):** कैथल,

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** वरुण

(b) **Father's Name (पिताका नाम):** दया कृष्ण

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1988 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| **S. No. (क्र.सं.)** | **ID Type (पहचान पत्र का प्रकार)** | **ID Number (पहचान संख्या)** |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address (पता):**

| **S.No. (क्र.सं.)** | **Address Type (पता का प्रकार)** | **Address (पता)** |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | **गोविन्द नगर करनाल रोड, कैथलKAITHAL, HARYANA, INDIA** |
| 2 | **Permanent Address** | **गोविन्द नगर करनाल रोड, कैथलKAITHAL, HARYANA, INDIA** |

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):**

7. **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| **S. No. (क्र.सं.)** | **Name (नाम)** | **Alias (उपनाम)** | **Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)** | **Present Address(वर्तमान पता)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | धर्मेन्द्र गहलोत सहायक | | | 1. कार्यालय गृह विभाग हरियाणा,चण्डीगढ CHANDIGARH,CHANDIGARH,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| **S. No. (क्र.सं.)** | **Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी)** | **Property Type (सम्पत्ति के प्रकार)** | **Description (विवरण)** | **Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में))** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| **S. No. (क्र.सं.)** | **UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.)** |
|---|---|

12. **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

श्री मान जी, नकल लेख निम्न प्रकार से है –

सेवा में,

इन्सपैक्टर साहब

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

कैथल।

निवेदन है कि मैं वरूण पुत्र श्री दया कृष्ण R/O गोविंद नगर करनाल रोड़ कैथल का रहने वाला हूं और पुरानी

गाड़ियों की खरीद फरोक्त का काम करता हू। मैंने वर्ष 2018 में आर्मज लाईसैन्स 32 बोर लिया था, जो हरियाणा राज्य का था। मैनें अपने आर्मज लाईसैन्स को आल इण्डिया का करवाने के लिए HMEAVAL/2022/00292 आन लाईन सरल पोर्टल पर होम डिपार्टमैट में आवेदन किया था। इस संबंध मे करीब एक माह पहले मैं होम डिपार्टमैट हरियाणा सचिवालय चण्डीगढ मे गया था। वहां पर मुझे एक व्यक्ति मिला, जिसने मुझसे पूछा कि कैसें आए हो। मैंने कहा कि मेरी आर्मज लाइसैन्स आलॅ इण्डिया के लिए फाईल आई हुई है। फिर उसने मेरे से फाईल न0 लिया और चला गया। कुछ देर बाद वह वापस आया और कहने लगा कि तेरी फाईल मेरे पास ही है। मैं आपके आर्मज लाईसैन्स को आल इण्डिया का बनवा दूंगा। इसके लिए खर्चा देना पडेगा। जो मैं बाद में आपको फोन पर बता दूंगा। उसने मुझे अपना नाम धर्मेन्द्र गहलोत बताया और कहा कि मैं असिस्टैन्ट के पद पर लगा हुआ हूं। दिनांक 05.09.2023 को मेरे पास धर्मेन्द्र ने अपने फोन न0 7696033222 से व्हाटसैप काल की, और कहा कि मै आपका काम करवा रहा हूं। इसके लिए आपके 50000 हजार रूपये लगेंगे। और ये पैसे कैथल वासी कमल के पिता जी को दे देना। मैनें कहा कि मै किसी को पैसे नहीं दूंगा, आपको ही दूगां। इस पर दिनांक 18.09.2023 को फिर हमारी बात हुई, जिस पर धर्मेन्द्र ने कहा कि चण्डीगढ आने की बजाए मैं एक व्यक्ति को कैथल भेज दूगां, जो आप उससे कागज ले लेना और कोड वर्ड में कहा कि 5 दे देना, मैनें कहा 4 दे दूंगा। अर्थात् 40000 हजार रूप्ये दे दूंगा। उसने कहा कि ठीक है। दिनाक 21.09.2023 को मेरे पास एक फोन 9896210040 न0 से फोन आया और उसने मुझसे कहा कि आपके पास चण्डीगढ से फोन आया होगा, मैं किस समय मिलू आपसे। मैनें कहा की दो-तीन दिन के लिए बाहर गया हू फिर आऊगां। दिनाक 24.09.2023 को मेरी धर्मेन्द्र गहलोत से बात हुई उसने मुझसे कहा कि आप उसको दे दो कागज उसी के पास है। धर्मेन्द्र गहलोत मेरे से मेरे आर्मज लाइसैन्स को आल इण्डिया करवाने के बदले में एक व्यक्ति को भेजकर रिश्वत के 40000 हजार रूपये मांग रहा है। यदि मैं उसको 40000 हजार रूपये रिश्वत नहीं दूगां तो वह मेरा आर्मज लाइसैन्स आल इण्डिया का नही बनवाएगा। मैं धर्मेन्द्र गहलोत को या उसके द्वारा भेजे गए किसी व्यक्ति को रिश्वत नहीं देना चाहता। कृप्या करके उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए। रिश्वत बारे मैनें सारी रिकार्डिग की हुई है। जो बाद में पेश कर दूगां।

Sd. अंग्रेजी
25.09.2023
वरूण s/o श्री दया कृष्ण गोविंद नगर
करनाल रोड़ कैथल
9416657109.

कार्यवाही पुलिसः- आज दिनांक 25.09.2023 को मन निरीक्षक हाजिर कार्यालय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उपकेन्द्र कैथल हू कि वरूण पुत्र श्री दया कृष्ण वासी गोबिन्द नगर, करनाल रोड, कैथल ने हाजिर कार्यालय आकर एक स्वयं हस्त लिखित दरखास्त मन निरीक्षक को पेश की, जिस पर मन निरीक्षक ने शिकायतकर्ता से रेड करवाने बारे पूछताछ की और सन्तुष्ट होने पर मेरी हिदायत अनुसार शिकायतकर्ता ने 500/500 रूपए के 80 अदद् करेन्सी नोट मुबलिक 40000/- रूपए मन निरीक्षक को पेश किए। जिनको फर्द द्वारा कब्जा पुलिस में लेकर अलग से फर्द सूचि नोट तैयार की गई। फर्द सूचि नोट पर मन निरीक्षक व शिकायतकर्ता वरूण ने अपने-अपने हस्ताक्षर किए। दरखास्त के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, भ्र0नि0ब्यू0 अम्बाला के संज्ञान में लाकर राजपत्रित अधिकारी के सम्बन्ध में उचित दिशा निर्देश प्राप्त होने उपरांत मेरे द्वारा श्री अरविन्द रोहिला, कार्यकारी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी मण्डल न0 01, कैथल से सम्पर्क किया गया और हालात बारे अवगत करवाकर पुलिस अधीक्षक के आदेश बारे बतलाया और एक छाया गवाह अपने साथ लेकर हाजिर कार्यालय भ्र0नि0ब्यू0 उपकेन्द्र आने बारे सूचित किया गया। दरखास्त के मजबून से धर्मेन्द्र गहलोत सहायक कार्यालय गृह विभाग, हरियाणा व उसके साथ एक प्राईवेट व्यक्ति के खिलाफ सूरत जुर्म जेर धारा 7, 7A पी0सी0 एक्ट 1988 का सरजद होना पाया गया। मन निरीक्षक मय स0उ0नि0 निर्भय सिंह न0 21/अम्बाला, स0उ0नि0 सुनील कुमार न0 2/87, स0उ0नि0 सुभाष चन्द न0 1/97 व मु0सि0 अजय कुमार न0 3/30 बा सवारी गाडी सरकारी न0 HR03GV- 9656 जिसका चालक मु0सि0 कैलाश चन्द न0 994/कैथल व गाडी प्राईवेट सहित रेडिंग पार्टी तैयार की गई। तहरीर बराये कायमी अभियोग बदस्त मु0सि0 धर्मबीर न0 1561/अम्बाला के थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, अम्बाला मण्डल अम्बाला भेजी जा रही है। बाद कायमी अभियोग नम्बर अभियोग से सूचित किया जावे व अभियोग की स्पेशल रिपोर्ट ईलाका मैजिस्ट्रेट कैथल व अफसरान बाला की सेवा में भिजवाई जाए व असल लेख मय पुलिस फाईल मौका पर भिजवाई जाए।
अज – उप केन्द्र कैथल।

sd.
सुबे सिंह,
निरीक्षक
भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,
उपकेन्द्र कैथल।
दिनांक 25.09.2023
समय 2.35 pm.

लिखित लेख उपरोक्त बाजूर्म उपरोक्त बर दरखास्त वरूण पुत्र श्री दया कृष्ण r/o गोविंद नगर करनाल रोड़ कैथल बर खिलाफ धर्मेन्द्र गहलोत सहायक कार्यालय गृह विभाग, हरियाणा, चण्डीगढ व प्राईवेट व्यक्ति बादस्त मु.सि. धर्मबीर 1561/अम्बाला के थाना मे प्राप्त होने पर मुकदमा न. 24 दिनांक 25.09.2023 धारा 7, 7ए, पी.सी.एक्ट-1988 थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अम्बाला दर्ज रजिस्टर किया जाकर मुकदमा हजा की स्पेशल रिपोर्ट आने वाले मु.सि. धर्मबीर 1561/अम्बाला के ईलाका मैजिस्ट्रैट साहब कैथल व नकल मिसल  पुलिस मय असल लेख निजद अनुसंधानकर्ता मौका पर भेजा जा रहा है। रिकार्ड ईन्द्राज थाना विधिनुसार किया गया । यह अभियोग महिला निरीक्षक बिमला देवी न. 1272/अम्बाला थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अम्बाला की हाजिरी मे दर्ज किया जा रहा है।

**13.** **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2. (की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

**(1)** **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):** / **or ( या)**

**(2)** **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** SUBE SINGH **Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** 517KTL **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

**(3)** **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

**(4)** **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C. (आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**14.**

**Name (नाम):** Mahabir

**Rank (पद):** Dy. SP (Deputy Superintendant of Police)

**Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**No. (सं.):** insp

**15. Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: ( If known / seen )**

**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S. No. (क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height (cms) (कद (से.मी.)) | Complexion (रंग) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** | **7** |
| 1 | Male | | | | | **Is pox pitted:** Yes |

| Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eye (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit (s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| **8** | **9** | **10** | **11** | **12** | **13** |
| | | | | | |

| Language/Dialect (भाषा/बोली) | Place of (का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे)) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| **14** | **15** | **16** | **17** | **18** | **19** | **20** |
| | | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)**